## खबर संक्षेप

### परेड का किया गया फाइनल रिहर्सल



**शहडोल।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में परंपरागत ढंग से मनाया जायेगा। समारोह का परेड सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाइनल रिहर्सल 24 जनवारी को किया गया।

### पशु तस्कर नईम को किया जिला बदर

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा पशु तस्करी एवं रेत तस्करी के कुख्यात आरोपी नईम खान के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। पशु एवं रेत की तस्करी का नामी आरोपी नईम खान पिता मो. अयूब खान उम्र 35 वर्ष निवासी रसमोहनी के विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित होने के कारण आरोपी नईम खान के विरूद्ध पूर्व में विभिन्न थानों में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किये गए हैं। उसके उपरांत भी आरोपी के आपराधिक गतिविधियों में नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिससे आमजन में जान माल की सुरक्षा को खतरा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए आरोपी नईम खान के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शहडोल की ओर प्रेषित किया गया है।

### अवैध कोयले से भरा ट्रैक्टर जप्त, चालक फरार

**शहडोल।** थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 23 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सोन नदी रपटा तरफ से ट्रैक्टर में अवैध रूप से चोरी का कोयला लोड कर शहडोल तरफ आने वाला है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा नवलपुर स्कूल के पास पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय कोयला लोड आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया। जिससे उक्त ट्रैक्टर को मय कोयला लोड जप्त कर अज्ञात चालक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सोहागपुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक आनंद कुमार झारिया, प्रधान आरक्षक मो. सफी एवं अरविंद पयासी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### चाकू चमकाते आरोपी धराया

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 23 जनवरी को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम सेमरा में धारदार बका लेकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर बुढार पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी अशोक पिता रमेश शर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी सेमरा को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का बका मिला जिसे जप्त कर उक्त आरोपीं के विरूद्ध 25बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक चेतराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिना हेलमेट-सीट बेल्ट के वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 24 जनवरी को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 41 चालानों में 13,500 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### 26 को शुष्क दिवस घोषित

**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने आदेश जारी कर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर जिले में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा कर 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके तहत 26 जनवरी को जिले की समस्त कम्पोजिट देशी-विदेशी मदिरा दुकान, भांग दुकान, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, रिटेल आउटलेट वाईन शाप तथा देशी मद्य भाण्डागार, विदेशी मद्य भाण्डागार से मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाना आदेशित किया जाता है। संबंधित वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक एवं लायसेंसी उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।

---

ग्रीन बेल्स को शिक्षा का मंदिर न मानने वाले की जमानत खारिज

# विद्यालय में जय श्रीराम पर पाबंदी लगवाने वाले संचालक को छूट







शासकीय जमीन पर अतिक्रमण और भारत के नक्शे से छेड़छाड़ के बाद बुढ़ार स्थित ग्रीन बेल्स स्कूल में शिक्षक ने जब छात्र को जय श्रीराम के नारे लगाने पर पीट दिया तो, यह विद्यालय एक बार फिर प्रदेश भर में सुर्खियों में आ गया, पुलिस की तत्परता से मामला सुलझा, लेकिन अब संचालक की जमानत के बाद ऐसे अनाधिकृत विद्यालय भवन पर बुलडोजर चलाने और मान्यता रद्द करने की मांगे हिन्दु संगठन उठाने लगे हैं।

शहडोल। 20 जनवरी को जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र में स्थित सरीफ नियाजी के विद्यालय ग्रीन बेल्स में अध्यापन के दौरान शिक्षक अब्दुल वाहिद के द्वारा नाबालिग छात्रों की पिटाई जय श्रीराम के नारे लगाने पर की गई, जिसके बाद यह विद्यालय और शिक्षक सहित संचालक सरीफ नियाजी का नाम पूरे प्रदेश की सुर्खियों में आ गया, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कारण देश भर में श्रीराम भक्ति की गंगा बह रही थी, हर घर और हर सडक़ पर हर वर्ग व जाति के लोग श्रीराम के नारे लगा रहे थे। बच्चों ने भी इसी से ओत-प्रोत होकर जब श्रीराम का नाम लिया तो, उन पर विद्यालय के संचालक सरीफ नियाजी के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे शिक्षक अब्दुल वाहिद को इसी दिन पुलिस ने शिकायत पर गिरफ्तार किया, इसके साथ ही संचालक सरीफ नियाजी और विद्यालय के प्रिंसिपल गुरविंद सिंह को भी गिरफ्तार किया था, इनके खिलाफ धारा 153, 323, 500, 24 किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75, 82 के तहत मामला दर्ज किया गया था, फिलहाल मंगलवार को प्रिंसिपल और संचालक को जमानत मिल गई, वहीं बुधवार को अब्दुल वाहिद की जमानत खारिज कर दी गई, संभवतः वरिष्ठ न्यायालय में आवेदन के बाद अब्दुल वाहिद को लेकर कोई निर्णय आज या आने वाले दिनों में सामने आयेगा।

### शरीफ नहीं नियाजी बने थे राष्ट्रदोही

ग्रीन बेल्स विद्यालय के संचालक शरीफ नियाजी के खिलाफ 7 साल पहले 17 जुलाई 2016 के आस-पास स्कूल की डायरी में भारत के नक्शे से काश्मीर को गायब करने की शिकायत बुढ़ार श्रीकृष्ण गुप्ता के द्वारा दी गई थी, तत्कालीन थाना प्रभारी सतीश द्विवेदी ने संचालक शरीफ नियाजी सहित तीन पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया था, स्कूल के संचालक मो. शरीफ नियाजी पिता मो. शफी, प्राचार्य गोविन्दचंद्र दास पिता मणिभूषण दासऔर मुद्रक अरूण कुमार अग्रवाल पिता बीएन अग्रवाल (शिवांगी प्रिंटिंग प्रेस बुढ़ार) को पुलिस ने गिरफ्तार करके सोमवार की दोपहर बुढ़ार न्यायालय में पेश भी कर दिया गया और वहां से जमानत खारिज कर दी गई। बाद में कानूनी पेचीदगियों का लाभ उठाकर तथाकथित राष्ट्रद्रोह के आरोपी फिर विद्यालय में बच्चों को शरीफ बनकर शिक्षा देने बैठ गये।

### उठ रही बुल्डोजर चलाने की मांग

देश में रहकर देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने के आरोपों के बाद करोड़ों की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के बाद अब हिन्दु परिवारों के बच्चों पर कहर बरपाने वाले तथाकथित शरीफ नियाजी और उसकी टीम ने एक बार फिर कानूनी पेचीदगियों का फायदा उठाकर जमानत के दरवाजे तक तो पहुंच गये, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि यदि शरीफ नियाजी और इसके साथ जुड़े इस सोच के लोगों पर कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो, विद्यालय के नाम पर क्षेत्र के बच्चों में कौन सा जहर इनके द्वारा भर दिया जाये, कई हिन्दु संगठनों ने लगातार हो रही हिन्दु गतिविधियों को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयं संघ के मुखिया आदि को पत्र भेजकर विद्यालय भवन के निर्माण की अनुमतियां और इन लोगों की अन्य संपत्ति की जांच व कार्यवाही की मांग की है। यही नहीं जिन शर्तों पर शिक्षा विभाग ने विद्यालय चलाने की अनुमति दी है, उनका भी खुलकर उल्लंघन हो रहा है, बच्चों व देश के भविष्य के मद्देनजर विद्यालय की मान्यता या फिर इसे अधिग्रहण करने की भी मांग अभिभावक करने लगे हैं।

### करोड़ों की भूमि पर भी था कब्जा

ग्रीन बेल्स विद्यालय के संचालक शरीफ नियाजी के कारनामों की फेहरिस्त छोटी नहीं है, 2016 में उन पर जहां राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज हुआ था, बावजूद इसके वे अपने कारनामों से बाज नहीं आये, बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के नाम का दिखावा करने वाले शरीफ तथा उसके तथाकथित पुत्रों के द्वारा दबंगई पूर्वक बुढ़ार की लगभग 1 एकड़ भूमि जो कहीं और नहीं बल्कि तहसील कार्यालय से ही सटी हुई थी, खसरा नंबर 127/1 (क) की यह भूमि वर्तमान में करोड़ों की है, 24 जनवरी 2021 को तत्कालीन कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश गोस्वामी के द्वारा व्यापाक कार्यवाही करते हुए विद्यालय के लिए बनाई गई दीवाल और भवन आदि का हिस्सा जमींदोज किया था और इनके खिलाफ कार्यवाही भी प्रस्तावित की थी।

---

# एडीजीपी डीसी सागर को उत्कृष्ट निर्वाचन कार्य के लिए राज्यपाल करेंगे पुरस्कृत



**शहडोल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. द्वारा सूचना दी गई है कि 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर, शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, डी. सी. सागर को मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शहडोल जोन / संभाग में सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने एवं समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट व्यावसायिक कार्य किये जाने हेतु महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। एडीजीपी डी.सी. सागर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जनता एवं प्रथम बार वोट देने वाले मतदाताओं को अच्छी सहभागिता के लिए, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, सोशल, प्रिंट) को सकारात्मक रिपोर्टिंग के लिए, माननीय पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता), पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा), मध्य प्रदेश तथा संभागायुक्त शहडोल को कुशल मार्गदर्शन के लिए, शहडोल रेंज डीआईजी, जिला शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर के कलेक्टूर, सीईओ एवं पुलिस अधीक्षक गणों, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्यालय के ऑफिस स्टॉफ (कमाण्डो), केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, होमगार्ड के सैनिकों और शहडोल ज़ोन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, अनुविभागीय राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों, तहसीलदारों, थाना प्रभारियों व जिला पुलिस बल को सकारात्मक सहयोग के लिए ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है। एडीजीपी डी.सी. सागर ने अपने और पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा रचित स्लोगनों 'संविधान का हूँ मैं नायक, मेरा वोट बने निर्णायक' आदि से जनता को जागरूक एवं भयमुक्त होकर वोट देने के लिए प्रेरित किया।

---



# विद्यार्थियों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र-नर्सरी कटकोना का भ्रमण

**शहडोल।** पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल और शासकीय नर्सरी कटकोना का भ्रमण कराया गया, वहां वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ द्वारा कृषि के विद्यार्थियों को विभिन्न कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचार, कृषि तकनीकी और विभिन्न प्रकार के तकनीकी मॉडल का अवलोकन कराया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. बृज किशोर प्रजापति कृषि विज्ञान केंद्र ने अपने व्याख्यान के दौरान कृषि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के जैव उत्पाद जैसे राइजोबियम, पीएसपी, बायो डी कंपोजर, जैव कीटनाशक और सतत कृषि, फसल चक्रण, जलवायु परिवर्तन आदि का विस्तृत रूप से छात्रों को जानकारी दी। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इंसेंट लाइट ट्रैप से भी छात्रों को अवगत कराया, बताया कि कैसे कार्य करता है और कैसे इसे संचालित करते हैं। साथ ही मिलेट्स/ श्रीअन्न या न्यूट्री सीरियल जैसे कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी आदि का उपयोग दैनिक कर कैसे स्वास्थ्य जीवन और दिनचर्या अच्छी रख सकते हैं कि उपयोगी जानकारी साझा की। उसके उपरांत विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीकी के द्वारा केंद्र में की जा रहे परीक्षण जैसे राजमा, अलसी, मसूर, सरसो, गेहूं और विभिन्न सब्जियों पर चल रहे परीक्षण का अवलोकन किया और कृषि विज्ञान केंद्र में ही स्थापित स्वचालित मौसम वेधशाला का भ्रमण करवाया एवं मौसम संबंधी जानकारी से अवगत करवाया।

शासकीय नर्सरी काटकोना में उद्यान अधिकारी राजेंद्र सिंह रैकवार द्वारा नर्सरी प्रबंधन और उसका स्थानांतरण के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां से वाकिफ करवाया और नेट हाउस नेट में उगाई जा रहे विभिन्न फलीय पौधों, जैसे आम, नीबू, बेर, बेल, आंवले में प्रयोग की जाने वाली प्रवर्धन की विधियां जैसे कटिंग, बडिंग, ग्राफ्टिंग आदि का व्यवहारिक ज्ञान दिया। इस पूरे भ्रमण में कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. ममता प्रजापति एवं कृषि संकाय के शिक्षक रामविकाश जायसवाल, अपराजिता द्विवेदी और शालिनी मिश्रा विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

---

# मां बिरासनी देवी मंदिर में अखंड मानस का किया गया आयोजन



**जयसिंहनगर।** भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बसोहरा के प्रसिद्ध मां बिरासनी देवी मंदिर में भी 22 जनवरी को अखंड मानस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें अखंड मानस एवं हवन के उपरांत भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया जो मां बिरासनी देवी मंदिर से होकर हनुमान मंदिर सोन घाट निगाई होते हुए बिरासनी देवी चौक पर ही सम्पन्न हुई। वाहन रैली के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान श्री राम एक ऐसा किरदार हैं, जिनका हर व्यक्ति को अनुसरण करने की आवश्यकता है। भगवान श्री राम किसी धर्म विशेष के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मानव समाज के आदर्श का केंद्र हैं।

---

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का हुआ आयोजन

शहडोल। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय विचारपुर में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री अंकिता शुल्या, उप पुलिस अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश मिश्रा, साईबर सेल प्रभारी, डी.सी. मिश्रा, प्राचार्य ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर, अखिलेश मिश्रा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास शहडोल, अजय सोंधिया एवं दयानंद सोंधिया ब्लॉक कोआर्डिनेटर खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा विद्यालय के शिक्षकगण व छात्राएं उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक अखिलेश मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपने उद्बोधन में बालिकाओं के महत्व को बताते हुए बाल संरक्षण सेवाओंए पाक्सो एक्ट जे.जे. एक्ट की जानकारी देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही दागना कुप्रथा के रोकथाम हेतु छात्राओं को जागरुक किया गया। तत्पश्चात सुश्री अंकिता शुल्या उप पुलिस अधीक्षक द्वारा बालिकाओं को बाल अधिकार तथा महिला सुरक्षा के बारे में जागरुक करते हुए उपस्थित बालिकाओं से संवाद किया गया। इसके बाद साईबर सेल प्रभारी सत्यप्रकाश मिश्रा द्वारा उपस्थित बालिकाओं को साईबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 10 बालिकाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत सामूहिक हस्ताक्षर अभियान के तहत उपस्थित अतिथियों, विद्यालय के शिक्षकगण तथा उपस्थित छात्राओं से हस्ताक्षर कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डी.सी. मिश्रा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं से परिचय कराते हुए आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

---

## मुख्य समारोह में कलेक्टर करेगी ध्वजारोहण



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ध्वजारोहण करेगी। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मार्च पास्ट के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा झाकियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 जनवरी को मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना वैद्य का प्रातः 8:59 बजे आगमन होगा। प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9:05 बजे परेड का निरीक्षण, प्रातः 9:15 बजे मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, 9:30 बजे शांति के प्रतीक गुब्बारा का छोड़ा जाना एवं मार्च पास्ट एवं 9:50 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों का प्रदर्शन 10:20 बजे, पुरूस्कार वितरण प्रातः 10:40 बजे एवं 11 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

---

# संकुल प्राचार्यों की सैलरी पर कलेक्टर ने लगाई रोक

**शहडोल।** जिले में समेकित छात्रवृत्ति के अंतर्गत आवेदन और छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य पूरा नहीं हुआ है, जिस पर कलेक्टर वंदना वैद्य ने बड़ा एक्शन लिया है, कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, इसके अलावा जिले के सभी संकुल प्राचार्यो की सैलरी पर रोक लगा दी है। खबर है कि समेकित छात्रवृत्ति के अंतर्गत आवेदन और छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य पूरा नहीं होने पर कलेक्टर ने एक्शन लिया है, इस संबंध में कई बार निर्देश देने के बावजूद भी जिले के संकुल प्राचार्यों द्वारा अभी तक आवेदन और छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य पूरा नहीं किया गया है, यही कारण है कि कलेक्टर को ठोस कदम उठाना पड़ा। संकुल प्राचार्यों ने अब तक शिक्षा पोर्टल पर छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य केवल 47 प्रतिशत ही पूरा किया है, इसके अलावा एमपी टास्क पोर्टल पर छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य केवल 0.05 प्रतिशत और असफल बैंक खातों का अपडेशन 54 प्रतिशत ही हो पाया है, इस कार्य प्रणाली को देखकर लगता है कि संकुल प्राचार्यों द्वारा काम में डील दी जा रही थी, जिसका नतीजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है। मामले में कलेक्टर वंदना वैद्य का कहना है कि संचनालय से जिला शिक्षा अधिकरी पी.एस. मरपाची को एससीएन आ गया था और एक वेतन वृद्धि रोकने की नोटिस आ गई थी, समेकित छात्रव्रत्ति, नामांकन, प्रोफाइल अपडेशन और एमपी टास्क पोर्टल में पोर्टल पंजीकरण आवेदन छात्रवृत्ति सेंगशन का कार्य शतप्रतिशत नहीं हुआ है, इसलिए जनवरी महीने का वेतन रोक दिया गया है।

---

**टी.सी. गुमा**

मैं कल्पना उम्र 37 वर्ष पति लोकेश कुमार निवासी एफ. सी. आई. गोदाम के पास सरपंच कार्यालय देवरी खुर्द थाना तहसील एवं जिला-बिलासपुर छ.ग. की हूं। शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि मै शपथकर्ता वर्ष 2003-04 में कक्षा 12 वी की परीक्षा गुड शेपर्ड कान्वेन्ट हा.से. स्कूल शहडोल जिला-शहडोल म.प्र. से उत्तीर्ण कर अपनी अंकसूची एवं अपना स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त कर ली थी । उक्त स्थानान्तरण प्रमाण-(पत्र टी. सी.) भूलवश कहीं गुम गया है, बहुत तलाश करने पर भी प्राप्त नहीं हो पाया है। उक्त टी.सी. का मेरे द्वारा किसी प्रकार से दुरूपयोग नही किया गया है छिपाने का प्रयास नहीं किया गया है । यह कि शपथकर्ता को उक्त स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है जिसकी प्रति प्राप्त करने बावत यह शपथपत्र निष्पादित करा रही हूं।

## खबर संक्षेप

### पिता व भाई के द्वारा नहीं करने दिया जा रहा पीएम आवास का निर्माण



**कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी रेखा गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि वह वार्ड क्रमांक 10 कुदारी टोला में रहती है। प्रार्थिया को नगर पालिका के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है जिसका वह निर्माण कार्य करा रही है लेकिन प्रार्थिया के पिता व भाई आवास बनाने में आए दिन विवाद करते है एवं मानसिक रूप से परेशान करते है, प्रार्थिया के पिता राजकुमार गुप्ता व भाई कैलाश गुप्ता शासकीय भूमि में लम्बा-चौड़ा कब्जा किया हुये है एवं शासकीय भूमि को बेचने का काम करता है। प्रार्थिया को नगर पालिका द्वारा स्वीकृत आवास में निर्माण कार्य किये जाने में आए दिन विवाद करते है एवं काम रूकवाने की धमकी देते हैं। प्रार्थी रेखा गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से उक्त मामले की जाँच किया जाकर समस्या का निराकरण करते हुये स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

### हृदय गति रूकने से अधेड़ की मौत

**कोतमा।** मंगलवार को दोपहर में नगर के आजाद चौक में अचानक एक व्यक्ति हैंड पंप के पास गिर गया आसपास के लोगों ने तत्काल ही पास में जाकर देखा और तत्काल ही एंबुलेंस को बुलाया लेकिन तब तक उसे व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी थी । बताया जा रहा की मृतक के पास कुछ कागजात रखे हुए थे जिसमें उसका नाम बब्बू कोल 52 वर्ष निवासी गढ़ी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। आसपास के लोग अनुमान लगा रहे हैं कि शायद उसे व्यक्ति की मौत हृदय गति रुक जाने के कारण हुई है।

### धमाके की आवाज वाले सायलेंसर से लोग परेशान

**बदरा।** जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत बदरा बस स्टैंड और सकोला में इन दिनों कुछ युवा एवं नाबालिग वाहन चालकों द्वारा बिना हेलमेट लगाए बड़ी तेज गति में दो पहिया वाहन से देखे जा रहे हैं वहीं वाहनों के साइलेंसर में तेज आवाज का नया यंत्र लगाने का चलन बढ़ता जा रहा है तेज साइलेंसर वाली गाड़ियां चलने वाले भीड़ का माहौल देखकर और तेज एक्सीलेटर लेते हैं जिससे आवाज और तेज हो उसे धमाकेदार आवाज से लोग परेशान हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है वही हद से से का भी भय बना रहता है धमाके की आवाज वाले साइलेंसर के अलावा कुछ हाई स्पीड के हॉर्न बजाते हुए निकलते हैं और गाड़ी में निकलते समय तेज आवाज में गाली गलौज और तरह-तरह की डरावनी आवाज से चिल्लाते हैं इससे महिलाएं बच्चे वृद्ध डर जाते हैं शासन प्रशासन द्वारा ऐसे शरारती लोगों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

भव्य भंडारे के बाद 2 घंटे तक चली आतिशबाजी रही चर्चा का विषय

# एक शाम श्री राम के नाम भक्ति जागरण में रामरस में डूबा अमलाई कोयलांचल क्षेत्र

**अमलाई।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में पवन चीनी एवं मित्र मंडली ने दर्जनों कार्यक्रम किया जो इतिहास बनकर रह गए। बरगवां नाथ के नाम से मशहूर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बरगवां में लगभग मेले जैसी भीड़ इक_ा करने वाले विशाल भंडारे के बाद, बीती रात मां शारदे जागरण अनुपम प्रस्तुति टीम के द्वारा शानदार जागरण का कार्यक्रम अमलाई दुर्गा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इस जागरण का नाम ही 'एक शाम श्री राम के नाम' से था, जिसमें मुख्य कलाकार संदीप शिवहरे, हिना के आलावा वैशाली रैकवार जो इंडियन आइडल, सारेगामापा की रनरअप मौजूद रही। इतना बड़ा कार्यक्रम संभाग में पहली बार हुआ, निश्चित रूप से 10 हजार लोगों ने भंडारे का और हजारों भक्तों ने जागरण के कार्यक्रम का आनंद लिया। वहीं लोगों के मुख से चीनी एवं मित्र मंडली की भूरी-भूरी प्रशंसाएं भी की जा रही थी, जिन्होंने इतने शानदार तरीके से कार्यक्रम किया।

बड़ी-बड़ी हस्तियां हुए शामिल, पूरे कार्यक्रम में पवन चीनी मित्र मंडली का रहा पूरा सहयोग



### अमलाई पहुंचा था अक्षत कलश

ज्ञात हो की जब से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां प्रारंभ की गई थी। तब अयोध्या से अक्षत कलश अमलाई पहुंचा था तब से ही त्यौहार जैसा माहौल बना हुआ था। इसके पहले इस टीम के द्वारा हजारों की संख्या में जय श्रीराम के नारों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई थी, इसके बाद विशाल भंडारा जिसने भी खाया उसने कहा कि आज तक ऐसा भंडारा देखा ही नहीं, वहीं 22 तारीख की शाम को मानो अयोध्या ही अमलाई में समा गई हो और लगातार 3 घंटे की आतिशबाजी की गई जिसकी मिसाल दूर-दूर तक दी जा रही है, आने वाले समय में इतिहास के पन्नों में संभाग में नाम दर्ज रहने वाली है, इसके बाद एक ऐसा भगवा रंग का जागरण जिसकी धुन और राम रस लोगों के दिलों में सालों तक याद रखी जाने वाली है। इससे पहले इस क्षेत्र में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था और बधाई हो पूरे टीम को जिन्होंने राम रस और राम राज्य के कार्य को अति प्रशंसनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### श्रीफल और शाल से कारसेवकों का सम्मान

भव्य प्राण प्रतिष्ठा और भव्य अमलाई कार्यक्रम,कार सेवकों के स्वागत सम्मान के साथ ही प्रारंभ हुआ, जागरण का कार्यक्रम जिसमें कई वर्ष पहले नवयुवक नई उमंग और अपने राम के लिए शहडोल जिले जिसमें आज दो जिले अलग हो चुके हैं यहां से लगभग सैकड़ो लोग अयोध्या के लिए निकले थे जो आज वृद्ध हो चुके हैं और अपने सामने रामलला के मंदिर को स्थापित होते हुए देखकर अपनी आंखें खुशी से नम कर बैठे थे, वहीं कई ऐसे हैं जो अब इस दुनिया में नहीं है, जिनके बच्चों के आंखों में पूर्वजों के सम्मान के समय आंसू बरस रहे थे। जिसमें प्रमुख रूप से स्वर्गीय विजय सिंह दाहिया के सुपुत्र अजय सिंह दाहिया जैसे ही मंच से स्वर्गीय विजय सिंह दाहिया कार सेवक का नाम लिया गया, ऐसा भावुक पल देखने को मिला जिसमें उनके दोनों पुत्रों के आलावा पूरे परिजनों के आंखों में आंसू आ गए। जो आज इस दुनिया में नहीं है, इस क्षेत्र के भाजपा के झंडे को ऊपर उठाने वाले में पहले पायदान पर रहे हैं।

### राममय हुआ पूरा नगर

श्री राम के भक्तों के क्या कहने इतने जयकारा लगे की लग रहा था, हम 500 साल पीछे जा चुके हैं और सच में श्री राम के सामने खड़े होकर जय-जयकार कर रहे हो, पूरे टेंट को कुछ इस तरह से सजाया ही गया था कि विशाल राम मंदिर में अंदर आकर खड़े हो गए हो, वही मां शारदे जागरण अनुपम प्रस्तुति की सुरमई ताल ने ऐसा समां बांधा की पूरा महफिल ही राममय हो गया हो, माताएं बहने बच्चे वृद्धजन सभी लोगों ने तन-मन से थिरकने में कोई कमी नहीं छोड़ी और दर्जनों गीतों पर झूम उठे, वही लग रहा था कि रामराज्य का पूरा का पूरा रस दुर्गा मंदिर के जागरण के समा गया हो इस तरह से उजाला और हरियाली से हरा-भरा यह जागरण दीपावली जैसा लग रहा था। पूरा क्षेत्र ही भगवा के रंग से रंग गया और राम रस में आनंद विहोर हो गया था।

वैशाली ने बांधा समां हस्तियों ने उठाए राम ध्वज जागरण का कार्यक्रम जैसे-जैसे अपने चरम पर पहुंच रही थी, उस तरीके से ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले दोनों जिले की हस्तियों ने रामध्वज उठाकर जय श्रीराम के नारे भी लगाए यह कार्यक्रम अपने आप में देखते ही बन रहा था, जी हां इस जागरण में अनुपम प्रस्तुति देने के लिए इंडियन आइडल और सारेगामापा में रनर रह चुकी वैशाली रैकवार ने जैसे ही माइक पकड़कर राम भजन शुरू किया, क्या हिंदू, क्या मुस्लिम, क्या सिख, ईसाई सभी जातियों के लोगों ने राम भक्त की अनुपम प्रस्तुति देते हुए श्रीराम के ध्वज को उठाकर मंच के सामने ही नाचने लगे ऐसा कार्यक्रम बहुत मुश्किलों से कहीं पर संपन्न हो पता है, वही पूरा पुलिस विभाग आनंद विभोर होकर मस्ती में लीन नजर आए एक तरफ अपने कर्तव्य पथ तो दूसरे अपने धर्म पथ पर भी बने रहे।

### शासन-प्रशासन की मुस्तैदी रही प्रशंसनीय

पूरे देश में जिस तरह से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी महीनों से चल रही थी, चाहे ग्राम पंचायत हो, या फिर नगर, शहर या जिला सभी जगह जिले भर के पुलिस कर्मी अपने कर्म को निभाते हुए अपनी जान लगाकर व्यवस्था संभालने में लगे हैं, वहीं अमलाई के जागरण में थाना प्रभारी चचाई और अनूपपुर जिले की टीम दिलो जान से कार्यक्रम पर बने रहे और अपनी नजर लगाए रखें रहे जिससे कार्यक्रम सफल रहा, वहीं जागरण कार्यक्रम के बाहर से आए हुए टीम ने पुलिस व्यवस्था पर खूब प्रशंसा भी किया, साथ ही उन्होंने सभी पुलिस वालों के सम्मान में देशभक्ति के गाने भी सुनाएं जो अपने आप में मनमोहक लग रहे थे।

### क्षेत्र के नामी हस्तियां हुए शामिल

अमलाई में जागरण तो हमेशा होते रहते हैं लेकिन इतने विशाल स्तर पर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिस तरह से विशाल भंडारे, जागरण किया गया है, यह अपने आप में निश्चित रूप से एक इतिहास है जिसे लोग कई वर्षों तक याद रखेंगे लोगों के पास पैसे तो बहुत होते हैं लेकिन खर्च करने के लिए जिगर और एक टीम की जरूरत होती है, जिसे हम अपने शब्दों में कहना चाहते हैं कि पवन चीनी एवं मित्र मंडली की जितनी तारीफ की जाए कम है क्योंकि आज के युवा वर्ग के लोग अगर इस तरह से धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे तो निश्चित रूप से नशा का नाश भी होगा और देश का विकास भी तो जो करते हैं उनकी बधाई करने में कोई कमी नहीं करनी चाहिए, तभी तो हमारा देश और हमारे युवा आगे आएंगे, वहीं उनके टीम की सबसे अच्छी बात यह थी कि इस कार्यक्रम में शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, सागर जिले के अलावा छत्तीसगढ़, यूपी, बिहार लगभग चार जिले और चार राज्य के लोग भी शामिल हुए।

### इनकी रही उपस्थित

रवि करण त्रिपाठी भूतपूर्व नगर पालिका सीएमओ धनपुरी, सुरेश चतुर्वेदी, रामनारायण उरमालिया, महेश प्यासी, न्यूरल सिस्टम के संचालक विवेक पांडे, विमला दुबे, पार्षद सुंदर भाई विश्वकर्मा, पार्षद अर्चना अजय यादव, शहडोल से वीनू सिंह, गणेश प्यासी, गुड्डू काका, अजय दहिया, सुजीत सिंह चंदेल, अजय सिंह, अरविन्द नायक, सोनू आहूजा, राहुल रूंगटा, शैलेन्द्र सराफ, अभिषेक अग्रवाल, विक्रम सिंह, ऋषि जैन, अभिषेक गुप्ता, दीपक माझी, दयालु, नीरज गुप्ता, राज पाण्डेय, राज तिवारी, मुन्नी बैगा, आकाश पासवान, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, बबलू द्विवेदी, कैलाश ललवानी हरिभूमि, दैनिक भास्कर से मुकेश मिश्रा, सचिन पूरी, संदीप पूरी, देवी सिंह, दीपू सोनी, मिंटू तिवारी, पार्षद दीपू कोल, दीपक सिंह, सुनील ओटवानी, इनके अलावा चीनी एवं मित्र मंडली के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, वही इस पूरे कार्यक्रम के संयोजक संजय कुमार ओटवानी एवं संतोष कुमार टंडन भी उपस्थित रहे।

## नियम विरूद्व दौड़ रहे स्कूली वैन एवं अन्य वाहनों पर की गई कार्यवाही



### 35 स्कूली वाहनों समेत कुल 60 वाहनों पर चालानी कार्यवाही

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए वाहनों की चैकिंग एवं चालानी कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो की समझाईस दी जाती है एवं आवश्यक कार्यवाही की जाती है। 23 जनवरी को स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए यातायात पुलिस द्वारा 35 स्कूली वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 17,500 रूपये समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ-साथ बिना सीट बैल्ट लगाए एवं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध यातायात के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही कर कुल 60 चालानों में 30,000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं यातायात नियमो के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यवाही उप पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश दीक्षित नेतृत्व में थाना प्रभारी यातायात सूबेदार प्रियंका शर्मा, सहायक उप निरीक्षक हवलदार सिंह एवं यातायात टीम द्वारा की गई।

### गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल का समापन

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की अंतिम रिहर्सल का कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। परेड मे भाग लेने वाले दलों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया एवं कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।



## अमलाई पुलिस ने किया 2 चोरियों का खुलासा

**शहडोल।** अमलाई में थाना 17 जनवरी को फरियादी कुनीता सूर्यवंशी पति खुसराम सूर्यवंशी द्वारा रिपोर्ट की गई कि मेरे घर दफाई नं. 02 धनपुरी नं. 03 थाना अमलाई में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ताला तोड़ कर घर के अंदर से एल.ई.डी. टीव्ही, हीरो होण्डा मोटर सायकिल, एम.पी. 18 एम.ई.1328, अलमाई में रखी नगदी रकम 3,30,000 रूपये एवं पुराने इस्तेमाली सोने चांदी के सामान कीमती 78,000 रूपये इत्यादि का मशरुका चोरी कर ले गये है। इसी प्रकार 22 जनवरी को फरियादी हरी बाई पति के.के. सिंह निवासी वार्ड नं. 14 उसलापुर थाना धनपुरी द्वारा रिपोर्ट की गई कि मेरे घर वार्ड नं. 14 उसलापुर थाना अमलाई में अज्ञात व्यक्तियो द्वारा ताला तोड़ कर घर के अंदर से एल.ई.डी. टीव्ही, 01 गैस सिलेण्डर, 02 ट्रॉली बैग, प्रेस, टिल्लू पप्प एवं अन्य घरेलू सामान कुल कीमती 26,000 रूपये का मशरुका चोरी कर ले गये है।दोनो चोरियों की सूचना मिलने पर थाना अमलाई में धारा 457,380 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशानुसार टीम गठित कर एसडीओपी धनपुरी के मार्गदर्शन में माल मुल्जिम की पतासाजी सक्रियता से की गई। दौरान विवेचना पता तलाश करने पर तीन युवको द्वारा दोनो चोरी को अंजाम देना ज्ञात होने पर तीनो आरोपी जिसमें अंकित चौहान पिता रविशंकर चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी छोटी अमलाई, सुमित लोनिया पिता सुनील लोनिया उम्र 19 वर्ष निवासी दफाई नं. 02 थाना अमलाई एवं नाबालिक अपचारी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जा उक्त चोरी को करना एवं उनके कब्जे से जप्त माल मसरूका एल.ई.डी.टीव्ही, 02 नग गैस सिलेण्डर, मोटर सायकिल एवं जप्त माल मशरूका एल.ई.डी.टीव्ही कीमती 8000 रूपये, 01 नग गैस सिलेण्डर 2500 रूपये, 02 ट्रॉली बैग 8000 रूपये, एक प्रेस कीमती 1500 रूपये, टिल्लू पम्प कीमती 2000 रूपये, इंडेक्शन कीमती 2500 रूपये, मिक्सी 1500 रूपये कुल कीमती 26000 रूपये का जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह, प्रधान आरक्षक जयवेन्द्र सिंह, गणेश पाण्डेय, आरक्षक नारेन्द्र, जोतेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया रामोत्सव

### जमुना कोतमा क्षेत्र भक्ति भाव में लीन




**भालूमाड़ा।** अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जमुना कोतमा क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय नजर आया 22 तारीख के पूर्व नगर के गली चौराहों से लेकर गालियों तक भगवा ध्वज सजाकर नगर को सजाया गया। मंदिरों में साफ सफाई के साथ ही प्रकाश व्यवस्था भगवा ध्वज को लगाने में बच्चों से बड़ों तकने अपनी सहभागिता निभाई 22 जनवरी को अनेक स्थानों पर अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया इसके साथ ही नगर के भालूमाडा के मंदिरों में भजन आरती हनुमान चालीसा सुंदरकांड रामायण का पाठ किया गया इसके पश्चात भंडारा प्रसाद वितरण हुआ नगर के अघोरी बाबा मंदिर में रामायण पाठ एवं भंडारे का आयोजन भक्त जनों के द्वारा किया गया वार्ड क्रमांक 12 डबल स्टोरी में नगर के लोगों ने भंडारे का प्रसाद वितरित किया गेट दफाई हनुमान जी की मंदिर में भी सुबह से ही भजन कीर्तन सुंदरकांड का पाठ किया गया और भंडारा किया गया इसके साथ- वहीं पर लोगों ने भी अपने-अपने घरों में भी पूजा पाठ करते हुए प्रसाद वितरण किया नगर के गोल बाजार हनुमान मंदिर गोल बाजार मुख मार्ग में दुकानदारों ने भी अपनी ओर से प्रसाद वितरण कराया वार्ड क्रमांक 9 गणेश पंडाल में भी भंडारे का आयोजन किया गया नगर के अमन चौक शिव मंदिर में भी सुबह से ही पूजा भजन आरती का कार्यक्रम करते हुए प्रसाद वितरण किया गया नगर के राम जानकी मंदिर में भव्य तैयारी की गई थी जहां पर सुबह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण टीवी एलइडी पर देखा गया और यहां भी भजन आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया नगर के पसान गांव में नगर वासियों ने सुबह से ही दुर्गा मंदिर से झांकी शोभा यात्रा निकाली गई जहां पर बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं शामिल होते हुए उत्साह के साथ नगर भ्रमण किया और वापस मंदिर जाकर भजन आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। जमुना कॉलरी में राम जानकी मंदिर में भव्य तैयारी की गई थी जहां पर सुबह से भजन कीर्तन किया गया और दोपहर के समय शोभायात्रा निकल गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे युवा शामिल हुए और यह शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से लेकर कुशियारा हनुमान जी के मंदिर तक तय की गई इस दौरान रास्ते पर नगर के लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और जगह-जगह प्रसाद व भंडारे का कार्यक्रम रखा गया आज के इस पावन अवसर पर अनेक घरों में महिलाओं ने रंगोली बनाई घर को सजाया। कोतमा कॉलरी दफाई नंबर 3 में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 20 जनवरी से तीन दिवसीय रामायण पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें कॉलोनी के लोगों के द्वारा कलश यात्रा शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण करते हुए दुर्गा पंडाल पूजा स्थल पर भगवान श्री राम की प्रतिमा रखकर रामायण पाठ का प्रारंभ किया गया था जहां नगर के अनेक कलाकारों ने भजन गीत संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति भी दी जहां 22 जनवरी को रामायण पाठ का समापन के साथ ही भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## निकाली गई शोभायात्रा, बिजुरी के राम भक्तों ने व्यक्त की खुशी

**बिजुरी।** उत्तर-प्रदेश के अयोध्या में 05 शताब्दी पश्चात भगवान श्रीराम चंद्र कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी सोमवार को पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। जिसके उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत-भूमि कि तरह कोयलांचल क्षेत्र बिजुरी एवं आसपास के समस्त देवालय-मंदिरों में सुबह से विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। एवं सभी धार्मिक स्थानों में भण्डारे का आयोजन दौर भी दिनभर चलता रहा।

सप्ताह भर पूर्व से ही शुरू हो गयी थी तैयारी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी सोमवार को विधि पूर्वक आयोजन अयोध्या में हुआ। किन्तु सप्ताह भर पूर्व से ही मंदिरों कि साफ-सफाई सहित भिन्न-भिन्न धार्मिक अनुष्ठान व आयोजनों कि शुरुवात कोयलांचल नगरी बिजुरी एवं अंचलों में प्रारम्भ हो चुकी थी। जिसके लिए नगरपालिका परिषद बिजुरी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने सभी संबंधित कर्मचारियों को सख्ती से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया था। जिस पर अमल करते हुए नपा बिजुरी के स्वच्छता-कर्मियों द्वारा नगर भर के समस्त धार्मिक स्थलों, मंदिर परिसरों कि साफ-सफाई किया गया। एवं नपा बिजुरी के सहयोग से प्रत्येक सनातनियों ने सभी धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन रामचारित मानस, कलशयात्रा, शोभायात्रा आदी इत्यादी धार्मिक आयोजनों पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जो कि निरंतर सप्ताह भर चलता रहा और 22 जनवरी सोमवार को धूम-धाम से तीज-त्योहार कि भांति प्रत्येक सनातनियों ने धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एवं शाम होते ही नगर के समस्त मंदिर, धार्मिक स्थल सहित घरों कि दीपक कि रौशनी से जगमगा दिए।



**शराब सहित मांस-मटन की दुकानें रही पूरी तरह से बंद**

भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशभर के समस्त शराब दुकान सहित मांस-मटन के दुकानों को 22 जनवरी के दिन पूर्णतः बंद रखने का निर्देश जारी किया गया था। जिसे गम्भीरता से अमल में लाकर नगरपालिका बिजुरी के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने भी नगरक्षेत्र में संचालित शराब सहित मांस-मटन के विक्रेताओं से दुकान बंद रखने का अनुरोध किया था। जिसे अमल में लाकर सभी शराब दुकानें एवं मांस-मटन कि दुकानें पूरी तरह से बंद रही।

**मुस्लिम भाइयों ने भी दिखाया भाईचारा**

नगर के मुस्लिम भाइयों ने भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी सहभागिता दिखाते हुए शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों के स्वागत के लिए जगह-जगह मीठा व पानी की व्यवस्था राम भक्तों का स्वागत किया गयो चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरा नगर ध्वजा-पताकों से पट गया नगरपालिका बिजुरी द्वारा नगर को राममय करने के लिए किसी भी तरह कि कोरी कसर नही छोंड़ी गयी। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों कि मदद से नगर भर के प्रत्येक स्थानों में भगवान राम के बडे-बडे होर्डिंग्स, फ्लैक्स-बैनर सहित ध्वजा-पताके लगवाकर, पूरे नगर को राममय कर दिया गया। वहीं सनातनी धार्मिक अनुयायियों ने भी दिनभर धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही प्रत्येक घर शायं के दौरान दीपक कि रौशनी से जगमगा गया। जो कि किसी दिवाली से कम नही रहा। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रत्येक गली-गलियारों से लेकर चौक-चौराहों तक पूरी मुस्तैदी के साथ सुरक्षा व्यवस्था कि मोर्चा सम्भाल कर्तव्य पथ पर डटे रहे। सुरक्षा के इंतजाम में किसी भी तरह कमी ना रहे इसके लिए एक दिन पूर्व ही जिला के पुलिस कप्तान ने भी नगर बिजुरी का भ्रमण के दौरान नगर के हृदय स्थल हनुमान मंदिर में भगवान राम के दर्शन कर, नगरपालिका अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं परिषद कर्मचारियों से नगर कि यथास्थिति पर चर्चा करते हुए, स्थानीय पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। जिसका इन्होने बखूबी पालन भी किया।

खबर संक्षेप



## बालिका दिवस पर कलेक्टर मऊगंज ने फातिमा को साइकिल का दिया उपहार

**मऊगंज।** बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने भाटी सेंगर निवासी फातिमा खान को अपनी तरफ से उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की। कलेक्टर ने कहा कि शासन बालिका समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है ।छात्रा फातिमा की साइकिल कॉलेज से गत दिनों चोरी हो गई थी, और उसे अपने गांव से पढ़ने आने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। कलेक्टर को यह बात फातिमा ने गत दिनो बताई थी। आज बालिका दिवस पर कलेक्टर ने अपनी तरफ से फातिमा को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की।

## रेत कर्मचारियों ने भालूमाड़ा पुलिस की खोली पोल

**भालूमाड़ा।** लगातार भालूमाड़ा पुलिस के ऊपर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते आ रहा था, जिसमें पुलिस के द्वारा रेत माफिया, कबाड़ माफिया सहित अन्य अपराधों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा था जिसे लेकर हाल ही के दोनों कांग्रेस के महामंत्री ने ज्ञापन भी सौंप कार्रवाई की मांग की थी इसके बावजूद पुलिस कार्यवाही करने में आनाकानी कर रही थी। हालांकि लगातार रेत माफियाओं के द्वारा रेत का उत्खनन एवं परिवहन करने की सूचना रेत ठेकेदार के कर्मचारियों को मिल रही थी जिसे लेकर रेत कर्मचारियों ने ग्राम पोड़ी स्थित पिपरिया घाट से सुबह 6 बजे रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते एक ट्रैक्टर वाहन को पड़कर भालूमाड़ा पुलिस के हवाले किया है। बताया गया कि यह ट्रैक्टर वाहन युवराज केवट पिता राम फली निवासी पोड़ी का बताया जा रहा है यह बात तो तय हो गई कि क्षेत्र में अवैध कारोबार संचालित है और इन कारोबार में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। रेत कर्मचारियों ने ट्रैक्टर वह पकड़कर पुलिस की पोल खोल दी है।

## उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य

**अनूपपुर।** शिक्षा से न केवल साक्षरता, संख्या ज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ साथ उच्च स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होता है। यह नैतिक और सामाजिक स्तर का विकास करता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर जोर देती है। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार डीपीसी अनूपपुर हेमंत खैरवार एवं एपीसी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले में माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

## राधा कृष्ण मंदिर में चल रहा सीताराम का जाप

**अनूपपुर।** अनूपपुर के ग्राम पंचायत सकोला के श्री राधा कृष्ण मंदिर में बुजुर्गों द्वारा मां दिसंबर में एक महीना चलने वाली जाप मंत्र इस बार पूरा एक वर्ष निरंतर रात दिन चल रहा है। प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में महिलाएं पुरुष बच्चे वह बुजुर्ग लोग मंदिर में आकर बड़ी-बड़ी राधेश्याम सीताराम पूरा रात दिन जब कर रहे हैं सकोला गांव व आसपास के क्षेत्र में राधेश्याम सीताराम सुनाई दे रहा है जिससे भक्तिमय माहौल बना है। बताया गया कि करीब 40 वर्षों से राधे कृष्ण मंदिर में जाप मंत्र हर महीने चलता था कहा जा रहा है कि मार्च अप्रैल में 1 वर्ष पूरा होने को है समापन के दिन ग्रामीण जनों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में विशेष योगदान सुबह लाल साहू, वृंदावन साहू, केशव साहू, विजय साहू, राजकुमार साहू एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न किया जा रहा है। श्री राधा कृष्ण मंदिर में जो कार्यक्रम चल रहा है इसमें सम्मिलित भक्तजन गोपाल साहू श्याम किशोर साहू कमलेश साहू बिरजू साहू रामकृपाल साहू| छोटे साहू सम्मिलित हैं।

# सीआईएसएफ की नाक के नीचे से कोयला चोरी

## मशीन आपरेटरों को डर, कहीं कोई कोयला चोर कुचल न जाए







### ओवी के ढेर से कोयला चोरो की संख्या बढ़ती जा रही दुर्घटना की आशंका

**धनपुरी।**

एसईसीएल सोहागपुर एरिया क्षेत्र अंतर्गत अमलाई ओसीएम खदानों में सीआईएसएफ की तैनाती सुरक्षा रखरखाव के लिए तैनात की गई है, इसके साथ ही कोयला चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। आलम यह है कि प्रबंधन द्वारा कोयला चोरी रोकने के प्रयास तो किए जा रहे हैं लेकिन चोरी रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

### डर रहे मशीन चालक

अमलाई ओसीएम से जुड़े सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि खदान में ओबी मशीन चलाने वालों को डर बना रहता है कि कोयला चोरी करने वाले कहीं मशीन के नीचे न जाएं। कोयला चोरी का वीडियो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी किस कदर हो रही है।

उधर प्रबंधन के के द्वारा धनपुरी थाना में एक शिकायती पत्र देते हुए कहां है कि खदान में बाहरी लोग जंगल के रास्ते प्रवेश कर जाते हैं और ओवी डंप स्थल (मिट्टी पहाड़) पर चढ़कर मिट्टी में कोयले के छोटे-छोटे टुकड़े निकलते हैं काफी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे ढीली मिट्टी में चढ़ जाते हैं और कोयला के टुकड़ों को बोरी में भरकर तय स्थलों में बेच देते हैं जिससे कभी भी मिट्टी में दब जाने से बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। पूर्व में भी छुटपुट दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है।अगर किसी तरह की दुर्घटना होती है तो मनेजमेंट की जिम्मेदारी नहीं होगी। आखिर वह भी मिट्टी के दबाने दुर्घटना कौन जिम्मेदार होगा..? सीआईएसएफ सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है अगर किसी तरह की अनहोनी होती है इसके जवाबदारी सिक्योरिटी कंपनी की होगी।

### ओबी से छांट रहे कोयला

बताया जाता है कि चोरी की घटना में शामिल लोगों के हौसले दिनों-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। ओबी निकलने के बाद खदानों में ओबी डंप यार्ड मे जैसे ही डोजर ओवी लेकर पहुंची है डंप करती है जिसमें (ओबी) मिट्टी के साथ कोयला के छोटे-छोटे टुकड़े काफी संख्या में मिट्टी के साथ गिरा दिया जाता है उस कोयले को उड़ाने चोरी करने वाले काफी संख्या में लोग एकत्र रहते हैं और कोयले को बोरी में भरकर निकल जाते हैं इस तरह से कोयला चोरी में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सुबह-सुबह काफी संख्या में कोयला चोर देखे जाते हैं

### पगडंडी का सहारा

कोयला निकालने के बाद खदानों से जुडी पगडंडी रास्तों से कोयला चोर खदान से प्रवेश करते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। कोयला चोरी की तादाद भी काफी ज्यादा होती है क्योंकि कई लोग एक साथ मिलकर खदान के अंदर घुसते हैं और कोयला चोरी में शामिल होते हैं। कहने को तो यहां पर सीआई एसएफ के गार्डो तैनाती होने के बाद भी चोरी पर अंकुश नहीं लग रहा है।

खदानों के प्रमुख स्थानों पर गार्ड की व्यवस्था होने के बाद भी अमलाई खुली खदान ओबी डम्पिंग यार्ड से दिनदहाड़े कोयला चोरी दिन दहाड़े हो रही है चोरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है । चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसईसीएल एवं एरिया प्रबंधन द्वारा नियुक्त गार्डों का अमला हाथी का दांत साबित होता नजर आ रहा है क्योंकि सिक्योरिटी है तो जरूर लेकिन वह किसी काम की नहीं यही वजह है कि चोर बेखौफ चोरी कर रहे हैं और उन पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# गढ़ और रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारियों को एसपी ने दिखाया पुलिस लाइन का रास्ता, आरक्षक की खुली लॉटरी

**रीवा।** एसपी ने विवेक सिंह ने बुधवार को थाना प्रभारियों का हेरफेर कर दिया। एसपी की नजर में दो निरीक्षक खटक रहे थे संभवतः एसपी की नजर में दोनो निरीक्षक थाना की कमान संभालने में खरे नहीं उतर रहे थे, इसलिए गढ़ और रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी की गद्दी में बैठे निरीक्षक जानकी प्रसाद कोदार एवं प्रकाश चंद पटेल को पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया है। मजे की बात तो एसपी का फरमान सुनते ही रायपुर कर्चुलियान थाना की गद्दी पर बैठे प्रभारी अपनी गद्दी बचाने के लिए जुगुत-जुगाड़ में लग गये। रीवा में तो उनकी कोई पकड़ नहीं है तो आरक्षकों एंव प्रधान आरक्षकों के तबादला आदेश में संसोधन आदेश निकलवाने के प्रयास में लगा दिये हैं। इसके साथ ही गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपीस को गुढ़ से हटा कर गढ़ थाना, अमहिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर का रायपुर कर्चुलियान, कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक विजय सिंह बघेल को थाना प्रभारी अमहिया, जनेह थाना प्रभारी शैल यादव को गुढ़ थाना प्रभारी, गुढ़ में पदस्थ उप निरीक्षक प्रवीण उपाध्याय को थाना प्रभारी पनवार, सोहागी सोनौरी चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल को थाना प्रभारी डभौरा, बैकुंठपुर में पदस्थ उप निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल को लालगांव चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन में पदस्थ विकास सिंगौर को चौकी प्रभारी सोनौरी थाना सोहागी, मनिकवार चौकी में पदस्थ रामनरेश तिवारी को चौकी प्रभारी गंगेव थाना मनगवां, महिला उप निरीक्षक गीताजंली सिंह को रायपुर कर्चुलियान से हटा कर थाना बैकुंठपुर एंव कार्यवाहक एएसआई महेंद्र सिंह बागरी को गंगेव चौकी से हटा कर मनिकवार पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया। इस उलट फेर में पुलिस लाइन में पड़े आरक्षक वेद प्रकाश वर्मा 1148 की जवा थाना में तैनाती की लॉटरी खुल गई। यहां सोच का विषय यह है कि हमेशा सुर्खियों पर रहने वाले समान थाना प्रभारी पर एसपी की मेहबानी क्यों बरस रही है। जिनके थाना क्षेत्र में पुलिस वाले पर जानलेवा हमला हुआ और आज तक आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आया। इतना ही नहीं असामाजिक तत्वों ने थाना में घुस कर पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ी और थाना में तोड़ फोड़ को अंजाम दिया। इतना ही नहीं समान थाना क्षेत्र में आये दिन वारदात होते है यहां तक शहर का समान थाना ही ऐसा थाना है जहां सट्टे का कारोबार अपनी जड़े जमाये हुए है। ऐसे थाना प्रभारी को पुलिस लाइन का रास्ता न दिखाना कहीं न कहीं एसपी पर भी सवाल खड़ा कर देता है।

# नगर परिषद की जमीन पर दावा कर रहा उत्कृष्ट विद्यालय

## जमीन विवाद में उत्कृष्ट विद्यालय एवं नगर पालिका आमने-सामने

**ब्यौहारी ।**





विगत दिनों से जयस्तंभ के पास नगर पालिका द्वारा दुकान बनाने के लिए जमीन खाली कराई गई जिसमें नया विवाद सामने आया उस जमीन पर शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा दावा किया गया कि यह हमारी जमीन है और नगर परिषद अतिक्रमण कर रही है लेकिन अब उसे विवाद में नया मोड़ आ गया नगर परिषद द्वारा मीडिया को जो खसरा दिखाया गया है उसमें खसरा नं 2247/48/49/1/ख जिसका रकवा 0.36 है तीनों में हिस्सेदार है नगर पालिका की भी जमीन है बही स्कूल की जमीन 2247/1/क 0.85 जमीन दर्ज है निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा अपने भूभाग में कराया जा रहा है उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य द्वारा गलत जगह की जानकारी देकर शिकायत की गई थी हमारे संवाददाता ने उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन वह गोल-गोल जवाब देते रहे संवाददाता द्वारा जब यह पूछा गया कि कई वर्षों से खाली पड़ी जमीन थी उसका डेवलमेंट अभी तक आपने क्यों नहीं किया अभी तक उसमें कोई बिल्डिंग क्यों नहीं बनवाई प्रयोगशाला भवन जब गिर गया नया प्रयोगशाला भवन बनाने के लिए 15 वर्षों में आपने कितनी बार शासन को प्रस्ताव भेजा इन सभी सवालों पर वह जवाब देने से बचते नजर आए । जिससे साबित हो गया है कि स्कूल के प्राचार्य प्रशासन को भ्रमित कर रहे हैं और निष्पक्ष जांच के लिए दोनों भूमियों का नए सीमांकन होना जरूरी है जिससे लोगों को सही पता चल सके।इनका कहना हैइस संबंध में मैं जानकारी लेकर ही बता पाऊंगा अभी मुझे जानकारी नहीं है मैं बाहर जब संवाददाता द्वारा यह पूछा गया कि जब जानकारी नहीं है तो अपने शिकायत क्योंकि तो उन्होंने कहा अभी मैं बाहर हूं बाद में बात करता हूं। रामदुलारे प्रजापति। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल ब्यौहारी।उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन शासन को भ्रमित कर रहा हैवहां पर नगर परिषद की जमीन है इसलिए हम वहां पर दुकान बनवाना चाहते हैं जिससे लोगों को रोजगार मिल सके और नगर पालिका किया है आय बढ़ सके। नगर पालिका द्वारा अपने भूभाग में निर्माण कार्य कराया जा रहा।

# शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में मेधावी छात्रों को कई वर्षों से लम्बित मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग

### समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन संप्रेषित



**मऊगं।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के मेधावी छात्रो को छात्रवृत्ति कई कई वर्षों से भुगतान हेतु लंबित हैं। महाविद्यालय प्रशासन उदासीन है बच्चों के पालको व सामाजिक कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणों ने मुख्यमंत्री भोपाल को ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित कर अ वि लं ब शासकीय शहीद के दा र ना थ म हा वि द्या ल य मऊगंज के मेधावी छात्र समुदाय की छात्रवृत्ति जो कई वर्षों से लम्बित है उसे अविलंब प्रदान करायें जाने की मांग की है।उक्त ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित करने वाले पालको व सा मा जि क कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणो मे अरुण कुमार मिश्र, शिव शंकर मिश्र बरहटा, ममनून सिद्दीकी, रावेंद्र तिवारी, उमेश मिश्रा बराती, अंबरीष द्विवेदी, गिरजा शंकर गुप्ता , देवेन्द्र पाण्डेय, राजेश दुबे, हिंछलाल तिवारी व अन्य लोगो ने मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल को ज्ञापन व मांग पत्र संप्रेषित कर शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के मेघावी छात्रो की छात्रवृत्ति को अविलम्ब प्रदान करायें जाने की मांग की है।

## राज्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के aशासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण के मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप जायसवाल का प्रातः 8:58 बजे आगमन होगा, प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

## ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक ने मनाई नेताजी की जयंती

# देश के युवाओं को नेता जी के आदर्शों पर चलने की जरूरत- नागेन्द्र कल्चुरी






**रीवा ।** भारत के स्व तंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा देश के सबसे बडे नेता के रूप में पहचान रखने वाले सुभाष चन्द्रा बोस वो सख्सियत थे जिन्हो ने देश की आजादी में अपना सब कुछ न्यो छावर कर दिया, उनके द्वारा दिया गया श्जय हिन्दहश्श का नारा भारत का राष्ट्री य नारा बन गया है। श्तुम मुझे खून दो मैं तुम्हेय आजादी दूंगाश्श का नारा भी उनका था आज हम लोग जो स्वनतंत्रता की हवा ले रहे हैं उनमें नेता जी का सबसे बडा योगदान रहा उक्तद आशय के विचार ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लोक पार्टी के रीवा संभाग के अध्यहक्ष नागेन्द्रक सिंह कल्चुफरी ने सेमरिया के ग्राम गडरी में नेता जी के जयन्ती के अवसर पर व्यभक्तह किये। उन्होरने कहा कि हमारे देश प्रदेश के युवाओं को नेता जी के मार्ग पर चलने की आवश्यरकता है। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ नेता जी के छायाचित्र पर पुष्पा हार एवं दीप प्रज्व लन के साथ हुआ। जयंती कार्यक्रम के पश्चोत सेमरिया तहसील के तहसीलदार को ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्ला।क पार्टी के द्वारा तीन मांग पत्र महामहिम राष्ट्रेपति महोदय, देश के प्रधान मंत्री एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री के नाम सौपा गया। मांग पत्र में मांग की गई है कि सेमरिया को जनपद पंचायत का दर्जा प्रदान किया जाय, देश में जो भी चुनाव कराये जांय वह मतपत्र के माध्यचम से कराये जाय एवं विन्ध्‍ म प्रदेश की पुर्नस्था पना की जाय। इस अवसर पर एआईएफबी अनुसूचित मंच के प्रदेशाध्यक्कक्ष मोतीलाल साकेत, समाजसेवी शिवनाथ यादव, अजजा मंच के जिलाध्यक्दक्ष राजकुमार कोल, जिलाध्य क्ष दिनेश वर्मा ने भी अपने अपने विचार व्यरक्तअ किये। इस अवसर पर मनसुखलाल साकेत, मुन्द्रिका प्रसाद साकेत, शंकरलाल साकेत, बसीम खांन, गोरेलाल आदिवासी, मनभरन कुशवाहा, दिनेश बुनकर, कमलेश्व र पटेल, ओमकार साकेत सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

